प्रसार भारती

आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 24.08.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

## मुख्य समाचारः—

1— केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर में माओवाद प्रभावित राज्यों की अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की हुई बैठक।

2— एग्रीस्टेक परियोजना के तहत राज्य के सभी जिलों में नौ सितंबर से फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण किया जाएगा।

3— प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश—विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

4— संतान की लंबी आयु की कामना से जुड़ा हलषष्ठी का पर्व आज प्रदेशभर में परंपरा के अनुसार मनाया जा रहा है।

## अमित शाह–छत्तीसगढ़ प्रवास

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन आज विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। श्री शाह की अध्यक्षता में नवा रायपुर में माओवाद प्रभावित राज्यों की अंतर्राज्यीय समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय और उपमुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। साथ ही बैठक में छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक के अलावा केन्द्र और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

इससे पहले, श्री शाह छत्तीसगढ़ के पवित्र धाम चंपारण पहुंचे, जहां उन्होंने महाप्रभु वल्लाभाचार्य जी के मुख्य प्राकट्य बैठक स्थल और चम्पेश्वर महादेव की पूजा–अर्चना कर देशवासियों की सुख–समृद्धि की कामना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित थे। चंपारण में महाप्रभु वल्लाभाचार्य आश्रम पहुंचने पर केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह का परंपरागत् ढंग से स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री शाह को  द्वारिकेश्वर लाल महाराज ने महाप्रभु वल्लाभाचार्य जी की प्रतिमा भेंट की।

वहीं, छत्तीसगढ़ प्रवास के अंतिम दिन कल केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह नवा रायपुर के सेक्टर–उन्नीस अटल नगर में 'पीपल फॉर पीपल' अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा श्री शाह नवा

रायपुर में ही स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन भी करेंगे। समारोह की अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे।

**<u>डिजिटल फसल सर्वे</u>**

एग्रीस्टेक परियोजना के तहत राज्य के सभी जिलों में आगामी नौ सितंबर से फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण किया जाएगा। इसके तहत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चयनित धमतरी, महासमुंद और कबीरधाम जिले के सभी गांवों तथा अन्य जिलों के चयनित गांवों में डिजिटल फसल सर्वेक्षण होगा। सर्वेक्षण का यह कार्य तीस सितंबर तक चलेगा। डिजिटल फसल सर्वेक्षण के लिए प्रत्येक ग्राम में तीस सर्वेक्षणकर्ताओं का चयन किया जाएगा। इसका चयन पटवारी के माध्यम से तहसीलदार द्वारा किया जाएगा। इसके लिए न्यूनतम योग्यता दसवीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। कृषि और विज्ञान विषय में स्नातक को प्राथमिकता दी जाएगी। चयनित सर्वेक्षणकर्ताओं को प्रशिक्षण सात सितंबर तक दिया जाएगा।

**<u>मन की बात</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज

ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रादेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

**राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एनसीईआरटी रायपुर में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कल विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान 'आओ तुम्हें चांद पर ले जाएं' का विशेष प्रस्तुतिकरण किया गया। वहीं, कक्षा दसवीं के संस्कृत पाठ्यक्रम पर आधारित वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया। इस मौके पर गणित और विज्ञान के सहायक प्राध्यापक और विशेषज्ञों ने छात्र बनकर खगोल विज्ञान और चंद्रयान–तीन की चांद पर लैंडिंग की जानकारी ली। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार और एनसीईआरटी द्वारा विकसित पोर्टल 'भारत ऑन द मून' का प्रदर्शन किया गया, जिसमें चंद्रयान–तीन की लैंडिंग का वीडियो दिखाया गया। इस अवसर पर इसरो की गतिविधियों और पोर्टल पर उपलब्ध सामग्रियों की जानकारी भी ली गई।

**कार्यशाला**

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संभावित लाभार्थियों को उपलब्ध होने वाले ॠण सुविधाओं के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से आज रायपुर में एक

कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला केन्द्र सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के तहत कार्य करने वाले राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति और छत्तीसगढ़ स्टेट बैंकर्स समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में विभिन्न सरकारी संस्थानों और बैंकों के अधिकारियों सहित लगभग पचास प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रशिक्षु और प्रशिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में अधिकारियों ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी। साथ ही प्रशिक्षुकों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक लघु फिल्म दिखाई गई।

**स्वाइन फ्लू–इलाज**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश में स्वाइन फ्लू के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहकर अस्पतालों में पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, स्वास्थ्य विभाग ने स्वाइन फ्लू सहित मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने लोगों से कहा है कि स्वाइन फ्लू के लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर इसकी जांच करवाएं और जरूरी उपचार लें।

**माओवादी–आत्मसमर्पण**

धमतरी जिले में आज एक माओवादी दंपत्ति ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया है। इन माओवादियों पर पांच–पांच लाख रूपये का इनाम

घोषित था। इन माओवादियों पर हत्या, हत्या का प्रयास, मुठभेड़ आईईडी लगाने समेत कई घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

## कांग्रेस–प्रदर्शन

बलौदाबाजार हिंसा मामले में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस ने आज प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में धरना–प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना–प्रदर्शन किया गया।

वहीं, दुर्ग में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच हल्की झूमाझटकी भी हुई। धरना–प्रदर्शन से पहले सभा को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश में विकास ठप्प है और कांग्रेस नेताओं को फर्जी मामले में गिरफ्तार किया जा रहा है।

इसके अलावा प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना–प्रदर्शन किए जाने की खबर है।

## बलौदाबाजार घटना–आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार में पिछले दिनों आयोजित धरना–प्रदर्शन में आगजनी और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने कल देर रात भिलाई से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें

जेल भेज दिया गया है। बलौदाबाजार घटना में अब तक एक सौ चौरासी आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''दंतेवाड़ा''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## हल्बी / गोण्डी–समाचार बुलेटिन

श्रोताओं, कल रविवार को **''हल्बी'' और ''गोण्डी''** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## हलषष्ठी

संतान की लंबी आयु की कामना से जुड़ा हलषष्ठी का पर्व आज प्रदेशभर में परंपरा के अनुसार मनाया जा रहा है। इसे कमरछठ भी कहा जाता है। इस

मौके पर माताओं ने व्रत रखा और मिट्टी का छोटा कुंड बनाकर पूजा–अर्चना की। पूजा सामग्री के रूप में महुआ, लाई और पसहर चावल चढ़ाया गया। साथ ही व्रत रखने वाली महिलाओं ने हलषष्ठी व्रत की कथा भी सुनी।

हलषष्ठी के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों, विशेषकर महिलाओं को शुभकामनाएं दी हैं।

**मौसम**

प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। वहीं, छब्बीस अगस्त से बारिश की गतिविधियों में कमी आ सकती है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रीय चक्रवात बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले चौबीस घंटों में एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। इसके कारण कल प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं।

उधर, कोरबा जिले में पिछले चार दिनों से हो रही लगातार बारिश से नदी–नाले उफान पर है। आज दर्री डैम से बाईस हजार सात सौ बीस क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इससे हसदेव नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिसके कारण आसपास के गांवों की निचली बस्तियों में बाढ़ के हालात बन गए हैं। हसदेव बैराज के कार्यपालन अभियंता पी.के. वासनिक ने बताया कि लगातार बारिश से बांध का जलस्तर बढ़ रहा है। इसी के कारण बांध से पानी छोड़ा गया है।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव को बिलासपुर जिला और सत्र न्यायालय मनीष कुमार दुबे की कोर्ट ने जमानत दे दी है। श्री यादव के खिलाफ करीब दस साल पहले बिलासपुर के अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ घेराव किए जाने के कारण मामला दर्ज किया गया था।

– राज्य शासन द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आगामी छब्बीस अगस्त को राज्य में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान प्रदेश में स्थित सभी शराब दुकानें बंद रहेंगी।

– राज्य सरकार ने वन विभाग द्वारा कराए गए वृक्षारोपण के कार्य में अनियमितताएं पाए जाने पर कोरबा और राजनांदगांव वनमंडल के संबंधित अधिकारियों से नौ लाख नब्बे हजार रूपये से अधिक की राशि वसूली है।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में रायपुर मंडल में कार्यरत् सहायक कुलियों ने भाग लिया। इस मौके पर कार्यरत् सहायकों को यात्रियों के साथ सौम्य व्यवहार और मोबाइल ऐप की जानकारी दी गई। इस ऐप के माध्यम से यात्रियों द्वारा कुलियों की बुकिंग की जा सकेगी।

– डॉक्टर खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आगामी इकतीस अगस्त तक किसानों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र संबंधित जिले के उप संचालक कृषि और विकासखंड स्तर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>